# बाड़मेर की पेयजल आपूर्ति की तीन मांगों पर मिली स्वीकृति

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाडमेर शहर, सेना, सीमा सुरक्षा बल और ग्रामीण इलाकों में नियमित पेयजल वितरण और पेयजल की मांग को लेकर आ रही तीन बड़ी परेशानियों के स्थायी समाधान की राह अब निकल गई हैं।

बाड़मेर में पेयजल वितरण के सुधार अब तक सबसे बड़े व्यवधान के रूप में आ रहे तीन बड़े मामलों पर जल्द राहत मिलने के साथ हजारों परिवारों, सेना और सीमा सुरक्षा बल को निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। इसके लिए विभिन्न स्तरों से पत्राचार लंबे समय से किया जा रहा था। विभिन्न बैठकों में भी अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। इन तीन समस्याओं में पहली समस्या बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के मोहनगढ़ पम्प हाउस पर आवश्यकता अनुरूप वोल्टेज नही होने के कारण सभी पंप नही चल पाने की ह।

जिसके चलते पानी वर्तमान मांग 125 एमएलडी की जगह 105 एमएलडी ही मिल पाता है और शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में जलापूर्ति पूरी तरीके से नही हो पाती।

दूसरी बाड़मेर के कुम्हारों की ढाणी में तत्कालीन डिजाइन डिमांड अनुसार 26 एमएल क्षमता का स्वच्छ जलाशय दो भागों में विभाजित का निर्मित किया गया था। जिसका एक भाग 13 एमएल क्षमता बीते लंबे समय से क्षितठास्त अवस्था में होने के कारण अनुपयोगी है। जिसके कारण विद्युत व्यवधान होने पर परियोजना की राइजिंग लाइन खाली हो जाने के कारण कुछ घण्टे के व्याधान को पुनः चालू करने में 16 से 18 घण्टे लग जाते थे। इस क्षितठास्त जलाशय के मरम्मत और नव निर्माण की मांग की गई थी।

वही कुम्हारों की ढाणी में स्थित 26 एमएल क्षमता के स्वच्छ जलाशय से ठोविटी से बाड़मेर शहर के सर्किट हाउस के पीछे जीरो पॉइंट स्थित 17 एमएल क्षमता के स्वच्छ जलाशय जलापूर्ति होती है।

मोहनगढ़ पंप हाउस पर आवश्यक अनुरूप वोल्टेज नहीं मिलने के कारण बार-बार विद्युत ट्रिपिंग एवं विद्युत फाल्ट होने के कारण जीरो पॉइंट स्थित उच्च जलाशय की मांग अनुसार जल प्राप्त नही होता है। इस वजह से बाड़मेर शहर बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना पार्ट अ,ब,स में लाभान्वित गांव की मांग के अनुसार पंपिंग नहीं हो पता है।

तृतीय मांग में एक दिन की पेयजल मांग 50 एमएल क्षमता के स्वच्छ जलाशय की आवश्यकता बताई थी।

बाड़मेर शहर एवं परियोजना से जुड़े गांवों में नियमित मांग अनुरूप जलापूर्ति के लिए मोहनगढ़ पंप हाउस पर वोल्टेज सुधार के लिए वोल्टेज रेगुलेटर संबंधित मुख्य अभियंता जयपुर को प्रेषित प्रस्ताव की स्वीकृति को लेकर शासन सचिव के स्तर से निर्देश जारी करने और बाद में लिफ्ट परियोजना जीरो पॉइंट पर 50 एमएल क्षमता के शुद्ध जलाशय की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मांग की थी।

पिछले महीने बाड़मेर के प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभाग द्वारा इन तीन मांगो के बारे में बताने पर प्रभारी सचिव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर बाड़मेर द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव को एक पत्र लिखा गया था।

जिला कलेक्टर के इस पत्र को शासन सचिव ने बेहद गम्भीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता परियोजना को पत्र लिखकर मांगो को पूरा करने के लिए कहा गया जिस पर मुख्य अभियंता ने मोहनगढ़ में वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए दोनो पम्प हाउस पर 33 के वी वोल्टेज स्टेबिलाइजर लगाने के लिए रुपए 3.50 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

कुम्हारों की ढाणी के क्षतिग्रस्त उच्च जलाशय के लिए निर्माण कर्ता कम्पनी एल एंड टी को निर्देशित किया गया है और उसकी टीम ने जलाशय का दौरा किया।

वही बाड़मेर में वर्तमान में 17 एम एल क्षमता का स्वच्छ जलाशय निर्मित है जोकि बाड़मेर में आधे दिन जल की मांग के अनुरूप है। उसकी जगह बाड़मेर में कम से कम दो दिन की मांग क्षमता का जलाशय निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाने जा आंकलन किया जा रहा है। इन तीनो गम्भीर मांगो की पूर्ति के बाद बाड़मेर शहर में पेयजल की समस्या से पूर्णतया मुक्ति मिल जाएगी।

## मजदूरों की मौत मामले में फैक्ट्री संचालकों पर मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। बोरानाड़ा क्षेत्र में बारिश के दौरान दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत के मामले में दो फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इधर घायल श्रमिकों का इलाज एम्स जारी है।

डीसीपी पश्चिम राजेश यादव ने बताया कि बोरानाड़ा में हुए हादसे में सुनीता पत्नी दिनेश, नंदू पुत्र मोती मीणा व अंजू पत्नी संजय मीणा की मौत हो गई थी। इस मामले में बोरानाड़ा पुलिस ने न्यू महालक्ष्मी आर्ट व मुकेश टिम्बर आर्ट के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि सोमवार सुबह बोरानाड़ा क्षेत्र में संचालित होने वाली न्यू महालक्ष्मी टिम्बर आर्ट फैक्ट्री के पीछे की दीवार बारिश के कारण ढह गई थी। इस दीवार के सहारे ही पास की बुरादा फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों ने अपनी झोपड़ियां बना रखी थी, जो दीवार के मलबे में दब गई। इन झोपड़ियों में सो रहे 13 मजदूर गंभीर घायल हो गए थे। इनमें से दो महिला सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। वहीं नौ मजदूरों को घायल हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था।

# आदेश के एक साल बाद भी दिव्यांग को नियुक्ति नहीं देने पर हाइकोर्ट गंभीर

**जोधपुर**, (कासं)। आदेश के एक साल बाद भी दिव्यांग को नियुक्ति नहीं देने पर हाइकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए चार सितंबर तक नियुक्ति नहीं देने पर कॉलेज शिक्षा राजस्थान के आयुक्त को व्यक्तिगत कोर्ट में हाजिर रहने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र) के विज्ञापित पदों के विरुद्ध श्रवण बाधित श्रेणी विशेष योग्यजन दिव्यांग हेतू आरक्षित एक पद के लिए अंतिम रुप से चयनित याची सत्यरंजन का नाम आरपीएससी ने कॉलेज शिक्षा विभाग को नियुक्ति हेतू भेज देने के बावजूद नियुक्ति नहीं देने पर राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में चुनौती दी गई थी।

एकल पीठ ने मई 2023 में रिट याचिका स्वीकार करते हुए आदेश दिया था कि निदेशालय कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर के आयुक्त याचिकाकर्ता को एक दिसंबर 2022 से समस्त नोशनल परिलाभ सहित चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति दें।

राज्य सरकार ने दिव्यांग याची को सिर्फ इस आधार पर आरक्षण का लाभ देने से इनकार कर दिया था कि वह कर्नाटक राज्य का रहने वाला है।

एकलपीठ के समक्ष राज्य सरकार की दलील यह रही कि राजस्थान राज्य से बाहर के दिव्यांग को आरक्षित पदों के विरुद्ध नियुक्ति दे देने से भारी अन्याय हो जाएगा तथा दिव्यांग का आरक्षण वर्टीकल (लम्बवत) आरक्षण होने से जाति आधारित आरक्षण के सिद्धांत इसपर लागू होंगे।

याची के अधिवक्ता अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने बताया कि दिव्यांग को प्रदत्त आरक्षण एक सामाजिक उत्थान के रूप में कल्याणकारी कानून अंतर्गत दिया जा रहा क्षैतिज आरक्षण है और राज्य सरकार की ओर से इसे वर्टीकल आरक्षण माना जाना ही गैरक़ानूनी हैं।

जाति आधारित आरक्षण में व्यक्ति का निवास स्थान महत्वपूर्ण होता है लेकिन दिव्यांग को दिए जाने वाले आरक्षण में जाति या समाज का कोई महत्व नहीं होता है। सरकार का कृत्य विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के मूल उद्देश्य और प्रस्तावना के ही प्रतिकूल है। न्यायाधीश विनित कुमार माथुर ने रिट याचिका स्वीकार कर चार सप्ताह में नियुक्ति देने के आदेश दिए थे।

समान प्रकरण में राजस्थान हाइकोर्ट की खण्डपीठ द्वारा राज्य सरकार की अपील दस हजार रुपए की कॉस्ट के साथ ख़ारिज कर देने के बावजूद आज दिन तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं करने पर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने इसे गंभीर मानते हुए अगली सुनवाई तिथि तक याचिकाकर्ता को सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) पद पर नियुक्ति नहीं देने की स्थिति में आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान सरकार जयपुर को न्यायालय के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित रहने के निर्देश दिए। आगामी सुनवाई चार सितंबर को होगी।

## रेवदर में स्वतंत्रता दिवस समारोह पर चर्चा की

**रेवदर**, (नि.सं.)। रेवदर में 15 अगस्त को उपखण्ड स्तर पर 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारी हेतु बैठक का आयोजन विकास अधिकारी आवडदान चारण द्वारा किया गया

बैठक में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुए जिनमें नायब तहसीलदार पुखराज रावल, एसीबीईओं पुनमसिंह सोलंकी, राउमावि रेवदर प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा, सहायक अभियंता सा.नि.वि. अर्जुन देवासी, सहायक अभियंता मुकेश कुमार, व जनप्रतिनिधि अजबाराम रेवदर सरपंच भी उपस्थित हुए जिसमें सभी विभागों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। उपखण्ड कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। एवं पैवेलियन में 8:30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। आयोजन का मुख्य स्थल राउमावि रेवदर का खेल मैदान है तथा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्थान का बदलाव भी किया जा सकता है जो राउमावि रेवदर के विद्यालय परिसर में रखा जायेगा। सभी विभागों से उत्कृष्ट कार्मिकों की सूची मांगी गई जिनका राजकीय व अन्य कार्यों में सराहनीय योगदान रहा हो, जिनकों उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाना है। जिसकी अंतिम तिथि उपखण्ड कार्यालय में देने की 12अगस्त रखी गयी है। सभी अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों की रिपोर्ट उपखण्ड अधिकारी द्वारा 14 अगस्त को जांची जायेगी।

# जनकपुरी में जानकी माता के दर्शन किये



माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के संयोजन में 86 सदस्यों ने नेपाल में जनक की नगरी जनकपुरी में माता सीता व अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन किये। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के संयोजन में 86 सदस्यों ने नेपाल में जनक की नगरी जनकपुरी में माता सीता व अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन किये।

पुष्पा रमेश चांडक से मिली जानकारी के अनुसार सीता मिथिला के नरेश राजा जनक की ज्येष्ठ पुत्री और जनकपुर (नेपाल) की राजकुमारी थीं जो नेपाल और भारत दोनों देश की मिथिला राज्यो पर राज करते थे। इनका विवाह अयोध्या के नरेश राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र श्री राम से स्वयंवर में शिवधनुष को भंग करने के उपरांत हुआ था।यात्रा में शामिल कपिल झंवर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जैसेलमेरिया माहेश्वरी समाज के अहमदाबाद, सूरत एवं जैसलमेर के महिला पुरुषों में छप्पनी घनश्याम केला, मीना जयप्रकाश चांडक, रानी राधेश्याम मालपानी, हरिवल्लभ घूरका, किशोरीलाल झंवर, मदनलाल मल, राधेश्याम राठी, कमलकिशोर सूदा, आनन्द चांडक, त्रिलोक भूतड़ा, जेठमल भूतड़ा सभी सप्तनिक दर्शन यात्रा का लाभ ले रहे हैं 14 दिवसीय यात्रा में इंदु सांवल, सुधा शामिल हैं।

ज्ञात रहे कि प्राचीन काल में राजा जनक के राज्य मिथिलांचल की राजधानी जनकपुर थी, तब सीतामढ़ी भी मिथिलांचल का अंग था। मां सीता का जन्म सीतामढ़ी,बिहार में हुआ और जन्म के पश्चात उन्हें जनकपुर स्थित महल लाया गया। महल आगे चलकर नौलखा मंदिर जानकी मंदिर के नाम से जाना गया।

दर्शनार्थियों का अगला पड़ाव झारखंड का ज्योतिर्लिंग बैजनाथ एवं बिहार का तीर्थ गया होगा।

## सैन्य जवान के मकान में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के माता का थान स्थित ओमनगर में एक सैन्य जवान के मकान में अज्ञात चोरों ने सैंध लगाकर वहां से 9 तोला सोना, 5 तोला चांदी के साथ 15 हजार की नगदी चोरी कर ले गए।

सैन्य जवान छुट्टियों पर घर आया तो पता लगा। जेवरात उसने अपनी भतीजी की शादी के लिए रखे हुए थे। माता का थान पुलिस जांच कर रही है।

माता का थान पुलिस ने बताया कि मूलतः पीपाड़शहर के खारिया खंगार हाल ओमनगर माता का थान निवासी हुकमसिंह पुत्र मदन सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। वह छुट्टियों पर अपने घर आया था। तब पता लगा कि घर के ताले टूटे पड़े है, सामान बिखरा होने के साथ वहां रखे 9 तोला सोने एवं 5 तोला चांदी के जेवरात और 15 हजार की नगदी गायब है। अज्ञात चोरों ने सैंध लगाकर वहां से चोरी की है।

रिपोर्ट में बताया कि जेवरात उसने अपनी भतीजी की शादी के लिए रखे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब चोरों की तलाश आरंभ की है।



जोधपुर संभाग में सावन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। महादेव मंदिर में फलों से सजावट ी झांकी सजाई।

## पुलिस के हाथ लगे मादक पदार्थ तस्कर

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्ररेट की साइबर थाना पुलिस महाराष्ट्र में हुई ठगी एवं आईटी एक्ट के प्रकरण में एक मुल्जिम की तलाश में मंडोर के आंगणवा आवासीय योजना की तरफ गई। तब गेट से घुसते समय एक बाइक पर दो संदिग्ध युवको को बाहर निकलते देखा। युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। उन्हें पकड़ा गया और उनके पास रखे दो बैग की तलाशी ली गई। एक बैग में अफीम का दूध, 2.14 लाख रूपए और दूसरे बैग में 18 एटीएम कार्ड, 4 पेन कार्ड और दो आधार मिले। इस पर बाद में दोनों को मंडोर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इनके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

संदेह है कि एक आरोपी बड़ा फ्राडेस्टर हो सकता है। फिलहाल पुलिस इस बारे में तस्दीक में जुटी है। साइबर थानाधिकारी दिनेश डांगी को मुखबिरी सूचना मिली कि महाराष्ट्र के नागोठने रायगढ़ में हुई ठगी एवं आईटी एक्ट का एक आरोपी मंडोर क्षेत्र में आया हुआ है।

# दो वाहनों में भरी अवैध शराब बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

**सायला**,(नि.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के एएसपी रामेश्वरलाल एवं वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में सायला थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा सरहद दहिवा में भारतमाला पर नाकाबंदी के दौरान दो वाहनों में भरी हुई पंजाब निर्मित 101 कार्टन अवैध शराब जब्त की गई तथा मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामद अवैध शराब की अनुमानित बाजार कीमत 8 लाख रूपये है।

पुलिस के अनुसार थानाक्षेत्र के सांगाणा टोलनाका सरहद दहिवा में भारतमाला पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान कीया गाडी में भरी हुई 55 कार्टुन अवैध शराब व बीयर का परिवहन करते हुए 02 आरोपी गिरफ्तार किए गए एवं होण्डा सीटी कार नम्बर एचआर में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 46 कार्टन अवैध शराब व बीयर जब्त कर 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि गत 21 जुलाई 2024 को थाना सायला पर वाहन संख्या जेटा कार से पंजाब निर्मित अवैध शराब जब्त की गई थी। जिसके अनुसंधान में यह शराब नरेश कुमार पुत्र गजानन्द जाति जाट निवासी बिजाणा तोसम जिला भिवानी हरियाणा द्वारा परिवहन करना पाया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक जालोर द्वारा आरोपी की दस्तयाबी एवं अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के लिए सायला थानाधिकारी रामेश्वर भाटी मय टीम के भिवानी, पंजाब, हरियाणा की तरफ भेजा गया। पुलिस टीम को तकनीकी सहायता से सूचना मिली कि वांछित आरोपी नरेश कुमार अवैध शराब लेकर गुजरात की तरफ जा रहा है। जिस पर नाकाबन्दी की कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

टीम में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी, हेड कांस्टेबल गोपालसिंह, कालुदान, कांस्टेबल चन्द्रप्रकाश, प्रकाश बुरडक, कपिल कुमार, महेश, धर्मपाल बुरडक, आरटी कांस्टेबल शेरसिंह, संदीप कुमार रहे। अन्य टीम में कांस्टेबल नारायणराम व 2. मुकेश कुमार डीएसटी टीम बालोतरा तथा तकनीकी सहायता टीम में कांस्टेबल किशनलाल तकनीकी सहायक साईबर सेल जालोर शामिल रहे।

# बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया

**पोकरण**, (नि.सं.)। पोकरण क्षेत्र मे भारी बारिश और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का मंगलवार को लगातार दूसरे दिन जिला कलेक्टर प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी व पोकरण उपखण्ड अधिकारी ने भ्रमण कर विस्तृत जायजा लिया और प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने को युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर सिंह पुलिस अधीक्षक चौधरी के साथ मंगलवार को सुबह जिले के भणियाणा उपखंड मुख्यालय पहुंचे। वहा उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित भणियाणा, फुलासर आदि इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व, पंचायत और पुलिस विभागों को सयुक्त रूप से युद्ध स्तर पर कार्य करने की हिदायत दी और पानी की निकासी समेत राहत कार्य त्वरित गति से अंजाम देने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित लोगो को मुआवजे के लिए अविलंब प्रस्ताव भेजने को कहा।

जिला कलेक्टर सिंह ने स्थानीय ग्राम पंचायतों को पानी निकासी के लिए जेसीबी, टैक्टर, मोटर पंप आदि आवश्यकता के अनुसार लगाने को कहा। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग को क्षितठास्तों सडको की मरमत करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अतिवृष्टि से प्रभावित पानी बिजली की क्षितठास्त लाइनों के कार्यों को भी युद्ध स्तर पर पूर्ण कर आवश्यक सेवाएं तुरंत बहाल करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, उपखंड अधिकारी प्रभजोत सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वही पोकरण शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बरसात लगभग 200 एम एम होने पर विधुत वितरण निगम कार्यालय परिसर एवं शहर के मुख्य जल स्त्रोत बंदोलाई तालाब, सालम सागर तालाब, रामदेवरसर तालाबो में बरसाती पानी कि अच्छी आवक होने से तालाब व नाडीया लबालब भर गये।

वही रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर बना पुलिया ढहा जिससे शहर व रेलवे स्टेशन जाने का रास्ता प्रशासन को बन्द करना पडा।वही रामदेवरा व सालम सागर तालाब का पहली बरसात में घाट टूट गया। वही लोहारकी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 137भेडे मर गई। वही जोघपुर सड़क व भणियाणा रोड घुटने से आवागमन बाधित हुआ।

## गड्ढों में पानी से वाहन चालक व राहगीर परेशान

**धोरीमना**, (नि.सं.)। धोरीमना क्षेत्र के सुबह से लेकर शाम तक मूसलधार अच्छी बारिश हुई किसानों के चेहरे पर खुशियां देखी गई।

धोरीमना क्षेत्र के किसानों से मिल रही जानकारी के अनुसार पूरा क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। कोई माल जनहानि ऐसा कुछ नहीं हुई। किसानों ने बताया कि अच्छे जमाने का संकेत मिल रहा है। अच्छी बारिश से अरंडी गवार मोठ मूंग बाजार अच्छी पैदावार होने की संभावना है। किसानों ने कहा कि कुएं के जल स्तर भी बढ़ेंगे। जहां पानी पीने के लिए नहीं है। वहां घरों बने टांकों के अंदर पानी भी इकट्ठे हो गए पानी की समस्या का भी समाधान हुआ। धोरीमना मुख्य चौराहे पर चारों तरफ पानी पानी हो गया। सड़क गड्ढों में तब्दील है। आमजन व राहगीर परेशान हैं।

## चोरों ने प्रवासियों के घरों को बनाया निशाना

**रेवदर** , (नि.सं.)। सोमवार रात को रेवदर के सेलवाड़ा और भटाणा गांव में चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया। इनमें से अधिकतर घर प्रवासियों के हैं, जो अपने व्यवसाय को लेकर अन्य राज्यों में रहते हैं। रेवदर थाना क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में निम्बज में 4 घरों, वड़वज में एक मंदिर, रेवदर में एक घर, दादरला में दिनदहाड़े, धाण में चोरी की घटनाएं सामने आई है। वहीं सोमवार को एक साथ दो गांवों में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर चोरी की वारदात हुई।

रेवदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल रफीक मोहम्मद ने बताया कि सेलवाडा गांव में सोमवार रात को 5 घरों और एक पास ही के कमरे में सो रहे थे। वहीं अन्य घरों के लोग अपने व्यवसाय को लेकर अन्य राज्यों में रहते हैं। उनके आने पर चोरी किए हुए सामान की पुष्टि होगी। इधर, भटाणा में भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मंडार एसएचओ रविंद्र पाल सिंह ने बताया कि भटाणा गांव में दो परिवारों के चार मकानों के ताले तोड़े गए हैं। एक घर के ऊपर की तरफ परिवार के अन्य लोग सो रहे थे, लोगों को कमरे के बाहर कुंडी से बंद करने के बाद चोरी की वारदात का प्रयास किया गया है। चोरी किए हुए सामान की पुष्टि मकान मालिक के वापस लौटने के बाद हो पाएगी।

## प्रस्तावित न्यूक्लियर प्लांट का विरोध

**उदयपुर**, (कासं)। बांसवाड़ा जिले के छोटी सरवन इलाकें में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट का सांसद राजकुमार रोत ने भी मंगलवार को संसद में विरोधक किया। भारत आदिवासी पार्टी बाप से नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि न्यूक्लियर प्लांट विनाशकारी योजना है। जिस स्थान पर प्लांट बनाया जा रहा ळैं वहां लोग खेती कर रहे है। वो किसान कहां जायेंगे। प्रशासन ने उनहें विस्तापित करने से पूर्व उनेकंव हां से हटाने का काम शुरू कर दिया। जिसका विरोधक हुआ और उस मामले में अभी तक 40 ठाामीणा न्यायिक अभिरक्षा में है। रोत ने कहा कि यह परमाणु उर्जा संयंत्र परियोजना इस क्षैत्र में भविष्य में विश्नाशकारक साबित होगी। उन्होंने बताया कि जापान में वर्ष 2011 में भूकंप आया, तबाही मची जहां इसी तरह का संत्रंय स्थापित था। सोवियत संघ में 26 अप्रेल 1986 में भूकंप आया वहां लगे परमाणु संयंत्र से परेशानी हुई, 40 लोग मारे गए। रोत ने कहा कि इस परिजनों के लिए माही बांध से पानी लिया जायेगा और दूषित पानी भी वही छोड़ा जायेगा। जिससे क्षैत्र की खेती एवं लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडेगा।

## वृहद स्तर पर पौधारोपण होगा

**बाड़मेर**, (नि.स)। बाड़मेर जिले में हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत करीब दो लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम बांदरा ग्राम पंचायत में स्थित वन खंड एवं जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में आयोजित होगा। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए के लिए समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने कहा कि हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन, सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करवाते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करवाया जाए। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी सचिव सुबीर कुमार, जन प्रतिनिधिगण, धर्म गुरू एवं सेना, बीएसएफ, वायुसेना, पुलिस के जवान, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा आमजन शामिल होंगे।

# पारस अरोड़ा की साहित्य साधना पर संगोष्ठी का आयोजन किया

**जोधपुर**, (कासं)। रचनाकार पारस अरोड़ा की साहित्य साधना पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने पारस अरोड़ा की काव्य साधना पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

समारोह की अध्यक्षता जेएनवीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) के.एल. श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) मंगलाराम बिश्नोई थे। राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने एक दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी संगोष्ठी के विषय की विवेचना करते हुए इसे बहुत ही महत्वपूर्ण बताया।

संगोष्ठी के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया है। संगोष्ठी संयोजक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने स्वागत उद्बोधन दिया।

प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. लक्ष्मीकांत व्यास की अध्यक्षता में डॉ.मदनसिंह राठौड़, डॉ. दिनेश चारण, डॉ. रामरतन लटियाल, डॉ. इन्द्रदान चारण ने विविध विषयों पर आलोचनात्मक शोध पत्र प्रस्तुत किये। संयोजन डॉ कप्तान बोरावड़ ने किया।

द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. सुरेश सालवी की अध्यक्षता में डॉ. धनंजया अमरावत, श्रीमती संतोष चैधरी, डॉ. मदन गोपाल लड्ढा, श्री देवीलाल महिया ने विविध विषयों पर आलोचनात्मक शोध पत्र प्रस्तुत किये। संयोजन डॉ. सवाईसिंह महिया ने किया।

समापन समारोहः संगोष्ठी के समापन समारोह में राजस्थानी के प्रतिष्ठित विद्वान प्रोफेसर (डॉ.) कल्याणसिंह शेखावत ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया।

संगोष्ठी में प्रोफेसर डॉ. अर्जुनदेव चारण, डॉ. देवकरण, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ. दिनेश राठी, माधव राठौड़, महेन्द्रसिंह छायण,रामस्वरूप फिडौदा, तरनिजा मोहन राठौड, नीतू राजपुरोहित, श्रीमती हेमा अरोड़ा, डॉ.कालू खां, जगदीश मेघवाल, रविन्द्र चैधरी, श्रवण भादू, निकिता चंदेल, माधुसिंह भाटी, अभि, सोहनलाल, शान्तिलाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, राजस्थानी रचनाकार, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## मालिक पर केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती सालोड़ी गांव में एक खेत की तारबंदी में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से भैंसे की मौत हो गई। खेत मालिक पर तारबंदी में करंट प्रवाहित किए जाने का आरोप लगाते हुए भैंसा मालिक ने केस दर्ज कराया है। राजीव गांधी नगर पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सालोड़ी निवासी अचलाराम पुत्र चूनाराम माली ने रिपोर्ट दी कि 27 जुलाई को दिन के समय खुशालराम निवासी सालोड़ी ने उसके खेत के चारों और करंट का तार लगाया जिसके कारण सरकारी जमीन पर चर रहे उसके भैंसे की करंट से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अब जांच आरंभ की है।

# 11 हजार कावाड़िये करेंगे महादेव का जलाभिषेक

**उदयपुर**, (कासं)। शिव महोत्सव समिति की ओर से 9 अगस्त को उदयपुर से उभयेश्वर महादेव तक 21 किलोमीटर तक की निकाली जाने वाली 19वीं कावड यात्रा के तहत आयोजित सात दिवसीय समारोह के तहत मंगलवार को बजरंग सेना मेवाड़ की ओर से पांच हजार वर्ष पुराने गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड पर भारत का पूजन कर भव्य संगीतमय गंगा महाआरती की गई गई जिसमें बड़ी संख्याँ में महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया।

इस अवसर पर संस्थापक कमलेन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि महाआरती में महंत इंद्र देवदास ,महंत राधिका शरण शास्त्री, महंत नारायण दास ,महंत प्रवीण दास, महंत दयाराम, महंत श्याम किशोर बाबा , काली कल्याण धाम गांधीपति डॉ. हेमंत जोशी,सगस जी बावजी सेवक सुशील चित्तौडा, अनूप सिंह सांखला, डॉ. प्रदीप कुमावत, क्षेत्रीय पार्षद मनोहर चौधरी, रामकृपा शर्मा, दिनेश भट्ट , प्रेम सिंह शक्तावत , कार्यक्रम के संयोजक मुकेश सिंह रावत ,सुरेश चैहान, राजमल चैधरी, जितेंद्र जैन, सुनील कालरा ,ऋषभ सिंह गहलोत, सुरेश टहलरमानी, गोविंद सिंह चौहान, रविन्द्र पाल सिंह, दिनेश मकवाना, एडवोकेट निर्मल पंडित, विजय प्रकाश विप्लव, महेश भावसार, श्री राम स्तुति, चंद्रशेखर स्तोत्रम नितिन दसोरा द्वारा व व्यायाम शाला द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### आंखों पर पट्टी बांधकर काटे बाल

**जोधपुर**, (कासं)। शहर का पहला बारबर शो मंगलवार को सुबह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। सुबह से चल रही बरसात के बावजूद काफी संख्या में क्षौरकार समाज के हेयर ड्रेसर्स, हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट इस शो का हिस्सा बने। शो का खास आकर्षण आंखों पर पट्टी बांधकर हेयर कट करने का लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने वाले सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट हरीश भाटिया की ओर से हेयर कट का लाइव डेमो रहा जिसमें उन्होंने महज पांच मिनट में शानदार हेयर कट करके दिखाया। शो में उदयपुर की चार्मी सेन ने जेंट्स हेयर कट, श्वेताशा पालीवाल ने लेडीज हेयर कट का, भीलवाड़ा के अमित दाढ़ीवाला ने ब्राइडल मेकअप और जोधपुर के गोविंद भाटी ने ब्राइडल हेयर स्टाइल का लाइव डेमो दिया। कार्यक्रम में बतौर सेलिब्रिटी मेहमान इंटरनेशनल हेयर आर्टिस्ट हरीश भाटिया व अशोक पालीवाल और बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट श्याम भाटिया थे। मुख्य अतिथि नेमीचंद महाबार, कन्हैयालाल सोलंकी, संपतराज सेन, एडवोकेट शिवकुमार भाटी, एडवोकेट कालूराम भाटी, प्रहलाद खींची, नयन चौहान और शिवलाल पंवार थे। इस अवसर पर क्षौरकार समाज के वरिष्ठ लोगों को भी सम्मानित किया गया। स्व. बन्नाराम के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य आयोजक जगदीश भाटी ने बताया कि शो में क्षौरकार समाज के दो सौ से ज्यादा हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट ने हिस्सा लिया। फलौदी, पाली, बाड़मेर सहित कई जगहों से भी लोग आए।

### प्रदर्शन के साथ कुलपति का घेराव

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जेएनवीयू इकाई के कार्यकर्ताओं की ओर से विश्वविद्यालय की कथित अनियमिताओं के खिलाफ चल रहा धरना मंगलवार को छठें दिन भी भारी बारिश के बीच जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन की चुप्पी पर एबीवीपी के कार्यकर्ता आज कुलपति कार्यालय के भीतर धरना देकर बैठ गए और कुलपति का घेराव किया। उन्होंने कुलपति कार्यालय में ही नारेबाजी की। एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री सचिन राजपुरोहित ने बताया कि कार्यकर्ता छात्र संघ चुनाव बहाली, विवि परिसर में छात्रों के लिए मूलभूत सुविधा एवं सुरक्षा, फ़ीस वृद्धि को वापस लेना, भ्रष्ट शिक्षकों को तमाम प्रकार के पद से दूर करने जैसी मुख्य मांगों को लेकर आंदोलनरत है। एबीवीपी ने 13 सूत्रीय मांग पत्र दिया था। एबीवीपी का कहना है कि अब तक तीन मांगे पूरी की गई है, लेकिन शेष मांगे अधूरी है। मंगलवार को बारिश में भी केंद्रीय कार्यालय के बाहर एबीवीपी के छात्र नेता धरने पर बैठे रहे। बाद में वह उठकर कुलपति कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के अंदर धरना देकर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी तब तक कुलपति कार्यालय में धरने पर बैठे रहेंगे। बता दे कि एक दिन पहले कुलपति कार्यालय में कुलपति और कुलसचिव के नहीं मिलने पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर मौन कुलपति को जगाने के लिए थाली बजाकर डमरू रखा था।

### वकील आज काली पट्टी बांधेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। हाईकोर्ट की एडवोकेट एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन के वकील कल बुधवार को काली पट्टी बांध कर कोर्ट में कार्य करेंगे। आज दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रतना राम ठोलिया व लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पुरोहित ने घटना की भर्त्सना की। एडवोकेट एसोसिएशन के महा सचिव शिवलाल बरवड़ व लॉयर्स एसोसिएशन के महासचिव मनीष टाक ने बताया कि फलोदी जिले के बाप न्यायालय के अधिवक्ता किशनाराम बिश्नोई पर जनलेवा हमले व मारपीट के खिलाफ व थानाधिकारी बाप द्वारा अनुचित रुप से भू माफियाओं को संरक्षण देने पर थानाधिकारी को हटाने की मांग व मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने के विरोध में फलोदी जिले के अधिवक्ता 19 जुलाई से निरंतर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार कर रहे हैं। जोधपुर में भी दोनों एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि घटना के विरोध में बुधवार को सभी वकील अपनी ड्रेस पर काली पट्टी बांध कर कोर्ट में उपस्थित होंगे।

### डॉ. देसाई अमेरिका में लेक्चर देंगी

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान मेडिकल एलूमिनाई एसोसिएशन आईएनसी (आरएजेएमएएआई), यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका द्वारा 9 से 12 अगस्त को मियामी, फ्लोरिडा मे कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं नियत्रंक डॉ. रंजना देसाई को आमंत्रित किया गया है। जिसमें उनके द्वारा एक लेक्चर प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें वह अपने चिकित्सकीय अनुभव, कार्यशीलता एवं इस चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध संसाधनों, चिकित्सकीय सेवाओं इत्यादि पर अपने विचार साझा करेगी। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उदेश्य समस्त चिकित्सकों के लिये ज्ञान एवं अनुभव को साझा करने, एक दूसरे के चिकित्सकीय कार्यो में सहयोग करना है।

### चलती ट्रेन से गिरे अधेड़ की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। सालावास गांव में रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इस बारे में उसके भाई की तरफ से विवेक विहार थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक विहार पुलिस ने बताया कि लूणी के बेलदारों का बास रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले सुरेश पुत्र मोडाराम राव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई 49 वर्षीय उगमसिंह राव बासनी से लूणी ट्रेन में आ रहा था। तब सालावास रेलवे ट्रेक के पास में वह ट्रेन से गिर गया। जिस पर गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। विवेक विहार पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### होटल में पकड़ा हुक्काबार, केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की रातानाडा पुलिस ने एक होटल में चल रहे हुक्काबार पर कार्रवाई करते हुए संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहां से हुक्के और फ्लेवर को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि रातानाडा क्षेत्र में एक होटल पर एएसआई रघुवीरसिंह मय जाब्ते ने रेड दी। यहां होटल में अवैध हुक्का बार संचालित किए जाने पर संचालक चाडी भोजासर निवासी स्वरूप सिंह पुत्र अमरसिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# पाली में पूर्व विधायक पारख, महेंद्र बोहरा की टीम ने बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में बांटे खाने के पैकेट



वार्ड नम्बर 5 सहित कई क्षेत्रों में पाली क्षेत्र युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गोवर्धन देवासी के नेतृत्व में लोगों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। फोटो-राष्ट्रदूत



पाली के जल भराव वाले क्षेत्रों में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख व सेवाभावी लोग प्रभावितों की मदद करते दिखे। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। सोमवार को पाली शहर में हुई तेज बारिश के बाद कई कॉलोनी में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। शहर की तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियों में आज भी तीन से चार फीट पानी सड़क पर दरिया की तरह नजर आ रहा है। इस विषम परिस्थितियों में हमेशा की तरह पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख लोगों के लिए मदद के तौर पर उभर कर सामने आए है। उन्होंने बिना समय गंवाए कच्ची बस्तियां एवं वर्षा से प्रभावित करीब दो दर्जन कॉलोनीयो में कई क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए टीम बनाकर कदम बढ़ाए। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कई टीमों का गठन कर लोगों की सहायता एवं सहयोग के लिए प्रभावित लोगों के पास भेजा।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख द्वारा शहर के अंदरूनी भागों में जहां पानी का भराव ज्यादा है, ऐसी दो दर्जन कॉलोनीयो में वहां पर सभी कॉलोनीयो मे 5 हजार से अधिक भोजन पैकेट, चाय, नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है। स्वयं पारख नगर परिषद के पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व उप सभापति मूलसिंह भाटी एवं भाजपा के पार्षद किशोर सोमनानी ,विकास बुबकिया, नरेश मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मोहल्ले में जाकर भोजन के पैकेट वितरित किए गए।

पूर्व विधायक पारख ने नगर परिषद के पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा के साथ मिलकर भोजन बनाने के साथ ही उसे जरूरतमंद लोगों के पास पहुंचाने की व्यवस्था तथा विभिन्न कॉलोनी में जमा पानी की निकासी के लिए टीम का गठन किया।

उन्होंने स्वयं वर्षा से प्रभावित क्षेत्र टैगोर नगर तथा आरटीओ ऑफिस के पास जवाई नहर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ लोर्डिया फीडर का चैनल गेट बंद करवाया, जिससे शहरी क्षेत्र को अतिरिक्त पानी से नुकसान नहीं हो सके। इसके साथ ही रुप रजत विहार के सामने प्रस्तावित डी मार्ट के पास पानी की आवक के कारण शहर में तबाही मचा रहे पानी को नदी में डायवर्ट करने के लिए जेसीबी सहित कई संसाधनों की व्यवस्था कर रहे हैं।

पूर्व विधायक पारख के नेतृत्व में पानी निकासी कार्य के लिए पार्षद किशोर सोमनानी, अशोक बंजारा, तेजाराम भायल, कांतिलाल वैष्णव के साथ अन्य कार्यकर्त्ता, भोजन सामग्री तैयार करवाने में सोहन गौतम, मूलसिंह भाटी, नरेश मेहता, इंद्रजीत गौतम, मांगीलाल जोशी, मुकेश गोस्वामी, ललित कुमार, नरपत सोनी, सोनाराम चौधरी, कानाराम देवासी एवं अन्य के साथ ही भोजन वितरण करने के लिए मुकेश नाहर, अनिल चौहान, कमलेश मेवाड़ा, रितेश छाजेड़, अशोक बाफना, बहादुर सिंह जीतू बोथरा, भारत राठौड़, नरेंद्र तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा रहा है। इन्होंने सोमवार को बी पाली के निकट बोमादड़ा मैं दो ट्रेन के फंसे यात्रियों को भोजन व बस की सुविधा करवाई थी

### युवा कांग्रेस का मदद करो अभियान

चंद्रकांत मारू ने बताया कि वार्ड नम्बर 5 और विभिन क्षेत्रो में पाली क्षेत्र युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गोवर्धन देवासी के नेतृत्व में निचली क्षेत्रों में युवा कांग्रेस का मदद करो अभियान के तहत प्रभावितों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। अत्यधिक जल भराव क्षेत्र करणसिंह की चाली, पांच मोखा पुलिया , आदी क्षेत्रो में बाढ़ पीड़ित परिवारों के घरों में दूध थैली, फूड वितरित किए।

इस मौके पर मासूम अली मेव, रोहित कछवाह, पहलाद वाल्मिकी, महेंद्र सिंह , कपिल आदिवाल, रोहित मारू , खुशाल भाटी, विजय शर्मा , मनोहर भाटी, गोपाल सिसोदिया, विनोद चौहान, विनोद शर्मा, श्रवण कछवाह, गोटू डूगल्छ , नरेश चौहान, आदि देवासी आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट के आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर पाली हाईवे पर 3 अगस्त को मिठाई व्यापारी के बेटे का किडनैप कर उससे मारपीट करने के मामले में विवेक विहार पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

विवेक विहार थानाधिकारी जितेंद्रसिंह ने बताया कि शिकारपुरा निवासी भंवराराम पटेल (21) के किडनैप व हमले के आरोप में पुलिस ने निम्बला निवासी महावीर पुत्र देवाराम पटेल, पवन पुत्र पूनाराम जाट, देवाराम पुत्र प्रभूराम, दिनेश पुत्र देवाराम व सुमेर पुत्र मदनलाल पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों से भंवराराम पटेल के अपहरण व मारपीट के कारणों को लेकर पूछताछ में आपसी रंजिश का कारण सामने आ रहा है।

विवेक विहार पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को पुलिस ने शिकारपुरा निवासी भंवाराराम पटेल का हॉस्पिटल में पर्चा बयान लिया था।

पीड़ित ने बताया कि 3 अगस्त को वह अपने बाइक पर बुआ के लड़के के साथ मोगड़ा की तरफ गया था। वापस लौटते समय भारतबेज के पास उसकी बाइक को एक बिना नम्बर की केम्पर ने रुकवाई । उसमें से सुरेश भाणिया पिस्टल लेकर उतारा और उसके सिर पर तान ली।

उसके साथ दिनेश, महावीर व सुमेर ने सिर पर पिस्टल लगाकर गाड़ी में बैठा दिया। पहले उसे होटल जम्भेश्वर निमला लेकर गए।

वहां उसके साथ मारपीट करने के बाद उसे खारा बेरा रोड पर लेकर गए और वहां उससे बुरी तरह मारपीट की और चाकू से हमला किया। इसके बाद उसे घायल हालत में कांकाणी यूको बैंक के पास फेंककर फरार हो गए।

मामला दर्ज करने के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। तथा दो दिन के भीतर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल, जल भराव क्षेत्रों में अपनी परवाह किये बिना जुटे हैं विद्युत कर्मी



पाली जिले में जोधपुर डिस्कॉम के तीनों सहायक अभियंता कार्यालय से अभियन्ता एवं तकनीकी टीम बरसात से प्रभावित हुई विद्युत व्यवस्था को सुचारू करने में जोरों से जुटे हुए हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में रविवार रात से सोमवार शाम तक हुई लगातार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया बारिश के दौरान जोधपुर डिस्कॉम द्वारा एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी। बारिश के थमने के बाद पाली शहर में जोधपुर डिस्कॉम के तीनों सहायक अभियंता कार्यालय से अभियन्ता एवं तकनीकी टीम द्वारा जलमग्न क्षेत्र में विद्युत लाइनों की अथक प्रयास से पेट्रोलिंग कर कई जलमग्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू की।

विद्युत कर्मी जलमग्न क्षेत्रो में अपनी जान की प्रवाह किये बीना अपनी सेवाएँ दे रहे है । निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तत्परता से पाली शहर के कई जलमग्न क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुधारित कर दी गई है। शेष जलमग्न क्षेत्रो में पानी के भराव कम होते ही विद्युत आपूर्ति। सुचारू करने की कार्यवाही की जायेगी।

अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया की बारिश के मध्यनजर विद्युत जनित हादसे से बचने के लिये पाली शहर के सभी 33/11 केवी सबस्टेशनो से जुड़े विद्युत तंत्र की एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी। उक्त 12-15 घण्टे की बारिश के कारण पाली शहर में नया गांव, रजत विहार, सुंदर नगर, पांच मौखा, आशापुरा नगर, जवाहर नगर, खोडिया बालाजी, चादर वाले बालाजी, पुनायता रोड, शेखावत नगर, रामदेव रोड, विकास नगर, मोहन नगर, चारभुजा नगर, पंचम नगर दुर्ग कॉलोनी, बीपीएल कॉलोनी, राम रहीम कॉलोनी, पीएनटी कोलोनी, राईकों की ढाणी, राजेन्द्र नगर, सोसायटीनगर, आनन्द नगर गुरु नगर, मणी नगर, सरदार समन्दरोड़, भालेलाव रोड, सर्वोदय नगर, पुलिस लाईन, हाउसिंग बोर्ड, सुभाष नगर रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रो की कोलानियों में 3-4 फिट पानी भरजाने से बाढ़ के हालात हो गये। पाली शहर के तीनो उपखण्ड कार्यालय अधिनस्थ 33/11 केवी सबस्टेशन विद्युत नगर, राजेन्द्र नगर, चतुर्थ फेज, नेकस्ट जैन, हाऊसिंह बोर्ड, पुनायता, मण्डियारोड़, नयागांव, आदर्श नगर, बांगड कॉलेज, टेगोर नगर, एवं सब्जीमण्डी आदि से जुड़े 11 केवी फीडरो की विद्युत आपूर्ति जल भराव के कारण बाधित हुई है। अधिकांश क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

33/11 केवी सबस्टेशन रामदेव रोड एवं मण्डियारोड में पानी भराव ज्यादा होने के कारण रामदेव रोड सबस्टेशन से जुड़े 11 केवी फिडरों (रामदेवरोड़, पानीदरवाजा, पालबालाजी, जय नगर, केरिया दरवाजा एवं मोहन नगर) की विद्युत आपूर्ति अभी भी बाधित है, जय नगर फीडर से जुडे उपभाक्ताओ को हाऊसिंह बोर्ड सबस्टेशन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुचारु देने का कार्य प्रगति पर है। शेष पानी के भराव कम होते ही विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की कार्यवाही की जायेगी। मण्डियारोड सबस्टेशन से जुड़े 11 केवी फिडरों की विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गई है। परन्तु सबस्टेशन में अभी भी पानी भरा हुआ है। विद्युत नगर सबस्टेशन से जुड़े 11 केवी रेल्वे स्टेशन फीडर से जुडे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अभी भी पानी भराय के कारण बाधित है। जहां पर वितरण ट्रांसफार्मरी पर लगे पिलर बोक्स में पानी जलभराव के कारण पहुंच गया है वहां की विद्युत आपूर्ति अभी बाधित है। पानी भराव हटते ही उसकी जांच कर विद्युत आपूर्ति सुचारु की जायेगी।

उन्होंने आम जन से अपील की है बरसात एवं पानी भराव के दौरान निम्न जागरुकता बरते एवं कुछ समय तक विद्युत आपूर्ति सुचारु होने का इंतजार करे क्योंकि बारिश के दौरान विद्युत प्रभाव के कारण कोई भी क्षित हो सकती है। बिजली के खंभों को छूने से बच्चे, बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को ना बांधे, बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं या बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज (लाइनमैन), कनिष्ठ अभियन्ता, संबंधित सब स्टेशन पर सूचना देवे, बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचे, घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं व अपने उपकरण को उससे जोड़ रखे एवं कोई व्यक्ति बिजली के गिरफ्त में हो तो तुरंत उसे बचाने हेतु सबसे पहले अपने आपको किसी सुखी जगह पर होना सुनिश्चित करें फिर अपने जूते जो भीगे ना हो, कोई भी धातु लगे ना हो, वह पहने, फिर किसी इंसुलेटेड डंडे (प्लास्टिक, लकड़ी जो सुखा हो) से व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास करे, यदि शोक घर के अंदर लगा है तो तुरंत मेन स्विच ऑफ करे। प्रभावित व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाएं। बिजली गुल होती हैं तो हंगामा ना करे शांत रहे, ये सोचिए कि आप बारिश में भीगने से भी डरते हो, इन विपरित परिस्थितियों में भी कर्मचारीअपनी जान जोखिम में डालकर किसी खंभे पर या सब स्टेशन पर बिजली तारों से जूड़ा रहा होता है। इसकी जानकारी को सभी के साथ शेयर करें और विद्युत प्रवाह से हाने वाले हादसे से बचे व बचाएं। विद्युत संबंधी शिकायते इन नम्बरो पर दर्ज करायें।

विद्युत लाईन में फॉल्ट व विद्युत आपूर्ति में व्यवधान संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए वृत स्तर पर नियंत्रण कक्ष व हेल्प डेस्क 24 घंटे, वहीं उपखण्ड स्तर पर हेल्प डेस्क कार्यालय समय में कार्य कर रही है। आमजन व विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत निगम द्वारा निर्धारित टोल फ्री नंबर, वाट्सअप नम्बर एवं हेल्प डेस्क के साथ नियंत्रण कक्ष पर भी शिकायत दर्ज कराकर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

# 5-5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी संदीप व सतनाम सिंह गिरफ्तार


**बालोतरा**, (नि.सं.)। कुंदन कंवरिया आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये गये विषेश अभियान के तहत जारी दिषा-निर्देषानुसार धर्मेन्द्र कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा के सुपरविजन में श्री दषरथसिंह, पुलिस उप अधीक्षक वृत पचपदरा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में दो साल से फरार 5-5 हजार के ईनामी अपराधी संदीप व सतनामसिंह को क्रमषः जोधपुर व छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेष से दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 16.06.2022 को प्राथी पुखराज पुत्र दौलाराम जाति भील निवासी मंडापुरा ने उपस्थित पचपदरा थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट पेष की कि मैं मेरा ट्रेक्टर लेकर मूंगडा से पचपदरा की तरफ आ रहा था, जैसे ही मैं मण्डापुरा में वीआरसी कम्पनी के आगे पहुंचा तो पीछे से मुलिजम संदीप वगैरा आये तथा मुझे जातिगत षब्दों से अपमानित करते हुए गम्भीर मारपीट की। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान षुरू किया गया।


प्रकरण में पूर्व में मुलजिम शिवराजसिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। अन्य मुलजिमों की तलाष जारी रही। मुलजिमान अपने ठिकाने बदलते रहे तथा पुलिस टीम द्वारा दबिश की भनक लगने पर फरार हो जाते थे। जिस पर मुलजिम संदीप व सतनाम पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक बालोतरा द्वारा 5-5 हजार रूपये के ईनाम की घोशणा कर विषेश पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित विषेश पुलिस टीम द्वारा मुलजिमानों के संभावित रहवासी कई ठिकानों पर लगातारी दबीषें दी जाकर तकनीकी सहयोग एवं आसूचना संकलन के आधार पर प्रकरण की घटना में षरीक मुलजिम प्रिंस उर्फ सतनामसिंह को छिंदवाडा, मध्यप्रदेष तथा मुलजिम संदीप को जोधपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# पहाड़ी पर 20 हजार सीड बॉल का छिड़काव किया



जालोर में सीड बॉल के छिड़काव में वन विभाग का पर्यावरण प्रेमियों ने सहयोग किया। फोटो-राष्ट्रदूत



वन विभाग ने जालोर दुर्ग पहाड़ी पर विशेष कार्यक्रम करस्थानीय शहरवासियों के सहयोग से पौधों के अंकुरण के लिए मिट्टी, गोबर व बीज के मिश्रण से बनाई सीड बॉल का छिड़काव किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (नि.सं.)। वन विभाग द्वारा मानसून के दौरान जालोर दुर्ग पहाड़ी पर मंगलवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित स्थानीय शहरवासियों के सहयोग से विभिन्न प्रजातियों के पौधों के अंकुरण के लिए मिट्टी, गोबर व बीज के मिश्रण से बनाई गई 20 हजार सीड बॉल का छिड़काव किया गया।

उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि मानसून में अच्छी बरसात के उपरांत जालोर दुर्ग पहाड़ी को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा जन सहयोग के माध्यम से 20 हजार सीड बॉल का छिड़काव किया गया।

### हरियाली तीज पर पौधे लगाकर जियो टैंगिंग होगी

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान ''हरियालो-राजस्थान'' (एक पेड़ मां के नाम) के तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज पर दोपहर 1 बजे शीतला माता मंदिर के पास मोसली नाड़ी स्थल पर सघन वृक्षारोपण के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा सम्मिलित होंगे।

जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान ''हरियालो-राजस्थान'' (एक पेड़ मां के नाम) के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में एक साथ 8 हजार पौधे लगाकर उनकी जियो टैंगिंग की जायेगी एवं मिशन ''हरियालो राजस्थान'' में सहभागिता के लिए हरियोला एप आमजन को डाउनलोड करवाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

गौरतलब हैं कि ''हरियालो राजस्थान'' अभियान के तहत जिला प्रशासन के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा हैं।

